**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 27.08.23**

**पुलिस कमिश्नरेट गाज़ियाबाद पुलिस टीम द्वारा 04 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्ज़े से चोरी किये गये 68 प्लास्टिक के ड्रम एंव घटना में प्रयुक्त एक कैण्टर बरामद**

दिनांक 24.08.2023 को वादी सुमित त्यागी पुत्र लोकेश त्यागी निवासी नूरनगर गाज़ियाबाद ने थाना नंदग्राम पर सूचना दी कि 04 अज्ञात चोरो द्वारा उनके गोदाम से 94 प्लास्टिक के ड्रम चोरी कर लिए गये है। इस संबंध मे थाना नंदग्राम पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया था।

**कार्यवाही का विवरणः**-घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया ।थाना नन्दग्राम पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों, लोकल इनपुट एंव मुखिबर की सूचना के आधार पर दिनांक 26.08.2023 को चेकिंग के दौरान 04 अभियुक्तगण को गुलधर मैट्रो स्टेशन के पास से चोरी किये गये 68 प्लास्टिक के ड्रम एंव घटना में प्रयुक्त कैंटर सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**अभियुक्तगण का नाम व पताः-**

1.ऋषिकुमार पुत्र नेपाल सिंह निवासी ग्राम लालगढी थाना छतारी ज़िला बुलंदशहर हाल पता किराये का मकान कैलाश हास्पिटल के पीछे प्रेम एन्कलेव, सरस्वती विहार थाना नन्दग्राम जनपद गाजियाबाद

2.असलम खान पुत्र बाबू खान निवासी ग्राम फिरोजपुर थाना निवाडी जनपद गाजियाबाद

3.रवि कुमार पुत्र रघुराज सिंह निवासी इन्द्रपुरी वार्ड न0 1, कस्वा व थाना निवाडी जनपद गाजियाबाद

4.राजू त्यागी पुत्र मुकेश त्यागी निवासी मकान न0 1148 प्रेम एन्कलेव सरस्वती विहार मेरठ रोड थाना नन्दग्राम जनपद गाजियाबाद

**बरामदगी का विवरणः-**

68 प्लास्टिक के ड्रम एंव घटना में प्रयुक्त एक कैण्टर

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

थाना नन्दग्राम पुलिस टीम

**थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम द्वारा मोबाइल फोन/चैन आदि की लूट करने वाले 03 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूट से सम्बन्धित घटनाओं के 5500/-रुपये, 01 मोबाइल फोन, घटना मे प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद, लूट से सम्बन्धित थाना इंदिरापुरम,खोडा व साहिबाबाद की 10 घटनाओं का किया गया अनावरण**

**घटना का संक्षिप्त विवरण /कार्यवाही** - दिनांक 27.08.2023 को थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम द्वारा गश्त/ चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर एनसीआर क्षेत्र मे मोबाइल/चैन लूट की घटना कारित करने वाला 02 अभियुक्त वारिश व अफजल एंव उनको अपनी मोटरसाइकिल घटनाओ के लिए उपबल्ध कराने वाले अभियुक्त गुफरान को सेक्टर 19 साई मंदिर/बिजली घर रोड के पास से गिरफ्तार किया गया है, कब्जे से लूट की घटनाओ से सम्बन्धित कुल 5500/-रुपये, एक लूट का मोबाइल फोन व घटना मे प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद। अभियुक्तगणों द्वारा एनसीआर क्षेत्र मे कई घटनाएँ कारित की गयी थी जिनका सफल अनावरण किया गया है । गिरफ्तार अभियुक्तो के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण –**

गिरफ्तार अभियुक्तगण वारशि एंव अफजल ने बताया कि हम गाजियाबाद एनसीआर क्षेत्र मे चैन/मोबाइल स्नैचिंग करते है ,लूटपाट करने के लिये हम गुफरान से उसकी मोटरसाइकिल 1000/-रु प्रतिदिन किराये पर लेते थे । हम लोग इसी मोटरसाइकिल से चलते लोगों से उनके मोबाइल व चैन मौका देखकर छीन लेते है। हम लोग लूटे हुए मोबाइल व चैन को राह चलते हुये व्यक्तियों को अपनी मजबूरी बताकर कम दामों पर बेच देते है ।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण**

1.वारशि पुत्र अनवर निवासी डी-31 उमर मस्जिद के पास लक्ष्मण गार्डन थाना टीला मोड जनपद गाजियाबाद

2. अफजल पुत्र इकबाल निवासी बी-32 _लक्ष्मण गार्डन थाना टीला मोड जनपद गाजियाबाद

3. गुफरान पुत्र कमरुल निवासी लक्ष्मण गार्डन थाना टीला मोड जनपद गाजियाबाद

**बरामदगी**

- घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल स्पिलेन्डर
- लूट से सम्बन्धित घटनाओं के 5500/-रु
- लूट का एक मोबाइल फोन 01 मोबाइल

**आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण**

अभियुक्तगण जनपद गाजियाबाद में लूट से सम्बन्धित 10 अभियोग पंजीकृत है ।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम

**थाना वेव सिटी पुलिस द्वारा पशु क्रूरता अधिनियम में वांछित दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 चाकू व ई-रिक्शा बरामद**

दिनांक 25.08.2023 को वादी द्वारा थाना वेव सिटी पर उपस्थित आकर एक लिखित तहरीर डासना व काजीपुरा के बीच के नाले मे बोरे मे पशु का अवशेष पडा होने के सम्बन्ध में दी गई। उपरोक्त सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना वेव सिटी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियोग उपरोक्त के सफल अनावरण व अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। दिनांक 26.08.2023 को थाना वेव सिटी पुलिस टीम द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. मोहसिन पुत्र हाजी शकील उम्र करीब 30 वर्ष निवासी मुगल गार्डन थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद 2. जुनैद उर्फ जुन्नू पुत्र अबरार उम्र करीब 33 वर्ष निवासी डासना थाना वेव सिटी जनपद गाजियाबाद को CCTV फुटेज व मैनुअल इनपुट व मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त अभियोग में वाछिंत शेष अभियुक्त वसीम पुत्र अबरार निवासी डासना की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं । गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-**

**1. मोहसिन पुत्र हाजी शकील निवासी मुगल गार्डन थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद उम्र करीब 30 वर्ष**

**2. जुनैद उर्फ जुन्नू पुत्र अबरार निवासी डासना थाना वेव सिटी जनपद गाजियाबाद उम्र करीब 33 वर्ष**

**अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहासः-**

- **अभियुक्त जुनैद उर्फ जुन्नू उपरोक्त के विरूद्ध कमिश्नरेट गाजियाबाद में पशु क्रूरता अधिनियम- 01 व आर्म्स एक्ट- 02 अभियोग तथा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में पशु क्रूरता अधिनियम- 02 व हत्या के प्रयास- 01 व आर्म्स एक्ट- 01 अभियोग पंजीकृत है।**
- **अभियुक्त मोहसिन उपरोक्त के विरूद्ध कमिश्नरेट गाजियाबाद में मारपीट- 01 अभियोग पंजीकृत है।**

**बरामदगी का विवरण-**

**01 चाकू व घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा**

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

**थाना वेव सिटी पुलिस टीम**